प्रादेशिक समाचार
21.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में 62 सीडीपीओ और 237 महिला पर्यवेक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा–ग्रामीण विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष को घेरा, प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा के आक्रोश मार्च को बताया प्रोपेगेंडा।
3. डीजीपी ने गुमला पहुंचकर 2018 से लापता बच्ची के मामले की समीक्षा की, ट्रैफिकिंग रोकने के लिए जागरूकता पर दिया जोर।
4. कोल्हान प्रमंडल में वज्रपात और बारिश की तात्कालिक चेतावनी, डालटनगंज में 43 दशमलव 4 डिग्री के साथ भीषण गर्मी का प्रकोप जारी।
5. रांची में 25 अप्रैल से शुरू होगी 9वीं झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप, राज्य भर से जुटेंगे 450 खिलाड़ी।

****

रांची के प्रोजेक्ट भवन में आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 62 सीडीपीओ और 237 महिला पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सीडीपीओ और महिला सुपरवाइजरों को बधाई दी। उन्होंने महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि अब ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका और भी अहम होगी।

****

पलामू के मेदिनीनगर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रेस वार्ता कर विपक्ष पर परिवारवाद और महिला आरक्षण बिल में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का संकल्प बेटियों को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाना है। इसके समर्थन में 25 अप्रैल को रांची में पदयात्रा निकाली जाएगी।

****

कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने भाजपा के प्रस्तावित आक्रोश मार्च को प्रोपेगेंडा करार देते हुए कहा कि भाजपा परिसीमन का बहाना बनाकर आरक्षण लागू करने में देरी कर रही है। कांग्रेस ने मांग की है कि महिलाओं को आरक्षण का लाभ तत्काल मिलना चाहिए।

****

विधि व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा ने राज्य सरकार पर हमला तेज कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने आरोप लगाया है कि अपराधी बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे है, जो यह दर्शाता है कि पुलिस की पकड़ कमजोर पड़ रही है।

****

डीजीपी तदाशा मिश्रा ने आज गुमला का दौरा कर वर्ष 2018 से लापता एक बच्ची के मामले की समीक्षा की। हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद डीजीपी ने परिजनों से दो घंटे तक पूछताछ की और पुलिस को नए सिरे से जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस चाइल्ड ट्रैफिकिंग रोकने के लिए स्कूलों और अभिभावकों के बीच विशेष जागरूकता अभियान चलाएगी।

****

जमशेदपुर के बहरागोड़ा में स्वर्णरेखा नदी तट पर मिले जीवित बम को निष्क्रिय करने का अभियान उच्च अधिकारियों से अंतिम अनुमति न मिलने के कारण टल गया है। सेना की विशेष टीम ने नियंत्रित विस्फोट की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन अब नई तारीख विभागीय आदेश के बाद ही तय की जाएगी, जबकि क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

****

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य है और देश भर में किसी भी एलपीजी वितरक के यहां आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के बावजूद, सरकार ने घरेलू एलपीजी आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।

****

आकांक्षी जिला चतरा में आठवां पोषण पखवाड़ा परिवर्तन कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के शुरुआती छह वर्षों में स्क्रीन टाइम को कम करना है।

****

लोहरदगा जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं से महिला सशक्तीकरण की नई इबारत लिखी जा रही है।

****

मौसम विभाग ने कोल्हान प्रमंडल के तीन जिलों—पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला—खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम के लिए तात्कालिक चेतावनी जारी की है। अगले कुछ घंटों में यहां मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

****

इधर, पलामू में अधिकतम पारा 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल श्रीवास्तव ने आमजन के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने और अधिक तरल पदार्थ लेने की सलाह दी है।

****

स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड की ओर से 25 और 26 अप्रैल को रांची में राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के लगभग 450 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह स्पर्धा वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमों के तहत आयोजित की जाएगी।

******समाप्त*******